DAY — 22 SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	III	11	1100	J-440	(H)

SOCIOLOGY (45)

Time : 3 Hrs. **(7 Pages)** **Max. Marks : 80**

सूचना : *(१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(२) दाहिनी ओर दिए गए अंक प्रश्नों के पूर्ण गुण दर्शाते हैं।

(३) चार गुण के उपप्रश्नों में कम-से-कम चार मुद्दे अपेक्षित हैं।

(४) प्रत्येक नए प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारंभ कीजिए।

प्र. १. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **[२०]**

(अ) दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर विधान पूर्ण कीजिए एवं पुन: लिखिए : (५)

(१) वर्धमान महावीर जैन धर्म के ----- तीर्थंकर थे।

(चौबीसवें, बाईसवें, सोलहवें)

(२) ----- समुदाय में द्वितीयक प्रकार के संबंध महत्त्वपूर्ण होते हैं।

(ग्रामीण, आदिवासी, नगरीय)

(३) ------ अर्थात् ग्रामीण भागों से शहरी भागों की ओर होने वाला स्थानांतरण है।

(औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, आधुनिकीकरण)

(४) भारतीय लोकदल की स्थापना वर्ष ----- में हुई।

(१९५४, १९६४, १९७४)

(५) घरेलू हिंसा प्रतिबंध अधिनियम वर्ष ----- में पारित किया गया।

(१९९५, २००५, २०११)

(ब) गलत जोड़ी सुधारकर पुन: लिखिए : (५)

(१) (*i*) राजमार्ग — हिंदू धर्म

(*ii*) तीर्थंकर — पारसी धर्म

(*iii*) सेंट थॉमस — ईसाई धर्म

(*iv*) अष्टांग मार्ग — बौद्ध धर्म

(२) (*i*) मुंबई — झोपड़पट्टी

(*ii*) दिल्ली — झुग्गी-झोपड़ी

(*iii*) कोलकाता — चेरी

(*iv*) बेंगलुरू — केरी

(३) (*i*) भाषा के आधार पर संघर्ष — आतंकवाद

(*ii*) धर्म के आधार पर संघर्ष — संप्रदायवाद

(*iii*) जाति के आधार पर संघर्ष — जातिवाद

(*iv*) क्षेत्र के आधार पर संघर्ष — क्षेत्रवाद (प्रादेशिकवाद)

(४) (*i*) महिला आंदोलन — लैंगिक समानता

(*ii*) अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष — १९७५

(*iii*) टूवर्ड्स इक्वालिटी — भारतीय स्त्री दर्जा विषयक अहवाल

(*iv*) होमरूल आंदोलन — मार्गारेट कज़न्स

(५) (*i*) चरस — मादक पदार्थ का व्यसन

(*ii*) हिंसक सिनेमा — इंटरनेट का व्यसन

(*iii*) सेल्फाइटिस सिंड्रोम — मादक पदार्थों का व्यसन

(*iv*) देसी मद्य — मद्यासक्तता

(क) प्रत्येक विधान पढ़िए एवं बक्से में दी गई संज्ञाओं में से उचित संज्ञा चुनकर लिखिए: (५)

देवराई, शिक्षक, महात्मा गांधी, डॉ. बी.आर. अंबेडकर, औद्योगिकीकरण, पितृसत्ताक पद्धति

(१) भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष

(२) आदिवासी समुदाय में पवित्र वन

(३) अर्जित स्थिति

(४) उत्पादन प्रक्रिया में यांत्रिकीकरण

(५) स्त्रियों का निम्न स्थान

(ड) रेखांकित शब्दों के स्थान पर सही शब्द लिखकर विधान पुन: लिखिए : (५)

(१) निर्जीव वस्तुओं की पूजा करने की विधि को जीवात्मावाद कहा जाता है।

(२) सर्वधर्म समभाव यह अवधारणा एकता को दर्शाती है।

(३) वर्ष १९९६ में नई आर्थिक नीति को स्वीकार किया गया।

(४) सरदार सरोवर बाँध परियोजना का निर्माण कावेरी नदी पर किया गया है।

(५) वृद्धावस्था एक कृत्रिम प्रक्रिया है।

प्र. २. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए (कोई दो) : **[८]**

(१) पुरुषार्थ

(२) भारत में विविधता

(३) अंकीयकरण की विशेषता

प्र. ३. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : **[१२]**

(१) आदिवासी समुदाय और नगरीय समुदाय

(२) ईसाई धर्म और इस्लाम धर्म

(३) आधुनिकीकरण और वैश्वीकरण

(४) स्वतंत्रतापूर्व काल में महिला आंदोलन और स्वातंत्र्योत्तर काल में महिला आंदोलन

(५) व्यक्तिगत समस्या और सामाजिक समस्या

प्र. ४. निम्नलिखित अवधारणाएँ उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : **[८]**

(१) आश्रम व्यवस्था

(२) संप्रदायवाद

(३) नगरीयकरण

प्र. ५. **(अ)** निम्नलिखित अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए : (४) **[१२]**



(ब) निम्नलिखित विधान सही हैं या गलत, कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई दो): (८)

(१) औपनिवेशवादी शासन का भारतीय समाज पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।

(२) समाज सुधारकों द्‌वारा भारतीय समाज में परिवर्तन लाया गया।

(३) प्रौद्‌योगिकी सदैव सामाजिक प्रगति के लिए उपयुक्त नहीं होती है।

प्र. ६. **(अ)** निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (६) **[१०]**

'सर्व शिक्षा अभियान' (SSA) भारत सरकार का एक कार्यक्रम है जिसमें ६ से १४ वर्ष आयु समूह के बालकों के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया है। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने १९९३-९४ में पहल की थी। इसके पश्चात् २०००-२००१ से यह कार्यक्रम पूर्णत: क्रियान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में 'शिक्षा मूलभूत अधिकार' मानी गई है।

इसके साथ ही १५ अगस्त, १९९५ को भारत सरकार ने 'प्राथमिक शिक्षा के लिए पोषण संबंधी सहायता का राष्ट्रीय कार्यक्रम' (National Programme of Nutritional Support to Primary Education: NP-NSPE) लागू किया। तब से विद्यालयीन छात्रों के लिए नि:शुल्क 'मध्यान्ह भोजन योजना' (Midday Meal) अस्तित्व में आई है जिसका क्रियान्वयन ग्राम पंचायत और नगर निगम आदि स्थानीय स्वशासी निकायों द्वारा किया जाता है। बच्चों को मध्यान्ह भोजन देना अनिवार्य है। इसमें प्रतिदिन अच्छा एवं पोषक भोजन बच्चों को देना अनिवार्य माना गया है। अधिकांश निकायों ने भोजन बनाने तथा समय पर इसे विद्यालयों में पहुँचाने का कार्य हाथ में लिया है।

सार्वत्रिक शिक्षा एवं पोषण को एक दूसरे से पृथक नहीं कर सकते। गाँवों और नगर निगमों के विद्यालयों के बच्चे इस भोजन की प्रतीक्षा करते रहते हैं। अधिकांशत: यह आहार ही इनके लिए दिनभर का मुख्य आहार होता है।

प्रश्न :

(१) सर्व शिक्षा अभियान उपयुक्त है क्या ऐसा आपको लगता है?

(२) ''मध्यान्ह भोजन योजना विद्यार्थियों को पाठशाला में उपस्थिति को बढ़ावा देना'' समर्थन कीजिए।

(ब) निम्नलिखित विधानों पर आपका व्यक्तिगत मत स्पष्ट कीजिए (कोई एक): (४)

(१) एकता के मूल्य की दृष्टि से भारत में पाठशाला गणवेश (यूनिफॉर्म) का क्या महत्त्व है?

(२) पर्यावरणीय शिक्षा के कारण क्या आपके व्यवहार पर कुछ प्रभाव पड़ा है?

प्र. ७. निम्नलिखित किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १५० से २०० शब्दों में विस्तार से लिखिए : **[१०]**

(१) ग्रामीण समुदाय की समस्याओं पर चर्चा कीजिए तथा इस समस्या को हल करने के उपाय सुझाइए।

(२) किसान आत्महत्याओं के कारण स्पष्ट कीजिए एवं इस समस्या को हल करने के उपाय सुझाइए।

◆◆◆